
RNI No.: DEL/BIL/2004/14598

# Youngster



Where dream Chisels into reality

YOUNGSTER • ESTABLISHED 2004 • NEW DELHI • March 2024 • PAGES 4 • PRICE 1/- • MONTHLY BILINGUAL (HIN./ENG.)

# TRANSFORMING EDUCATION: THE ROLE OF ARTIFICIAL INTELLIGENCE



Kuldeep

*The concept of artificial intelligence (AI) and its increasing impact on various sectors, including education.*

*Highlight the potential of AI to revolutionize traditional teaching and learning methods and address challenges in education.*



**Enhancing Personalized Learning with AI:**

Discuss how AI technologies, such as adaptive learning platforms and intelligent tutoring systems, can personalize learning experiences based on students' individual needs, preferences, and learning styles.

Provide examples of AI-powered educational tools and platforms that offer personalized feedback, recommendations, and content delivery.

**Improving Teaching and Administrative Processes:**

Explore how AI can support educators and administrators in tasks such as lesson planning, grading, student assessment, and administrative tasks, freeing up time for more personalized interaction with students.

Highlight the efficiency gains and potential cost savings associated with AI-driven automation in education.

**Expanding Access to Education:**

Discuss the role of AI in expanding access to quality education, particularly in underserved communities and remote areas, through online learning platforms, virtual classrooms, and AI-powered language translation tools.

Address the potential of AI to bridge educational gaps and democratize access to learning opportunities worldwide.

**Empowering Lifelong Learning:**

Explore how AI-driven technologies, such as recommendation systems and personalized learning pathways, can support lifelong learning initiatives by helping individuals acquire new skills, pursue personal interests, and adapt to changing job market demands.

Highlight the importance of cultivating a culture of continuous learning and skill development in the age of AI.

**Ethical Considerations in AI and Education:**

Discuss ethical concerns related to the use of AI in education, including data privacy, algorithmic bias, digital divide, and the impact on human interaction and creativity.

Emphasize the importance of responsible AI development and deployment to ensure equitable and inclusive educational experiences for all learners.

**Challenges and Opportunities:**

Address challenges in implementing AI in education, such as technical limitations, resistance to change, and the need for teacher training and professional development.

Highlight opportunities for innovation and collaboration among educators, technologists, policymakers, and stakeholders to harness the full potential of AI in education.

**The Future of AI in Education:**

Speculate on future trends and developments in AI and education, such as the integration of virtual reality (VR) and augmented reality (AR) technologies, AI-driven curriculum design, and the emergence of AI-powered learning companions.

Encourage students to explore career opportunities in the field of educational technology and AI-driven innovation in education.

**Conclusion:**

Recap the transformative potential of AI in education and its role in shaping the future of learning.

Encourage students to stay informed and engaged in discussions about the responsible use of AI in education to ensure equitable access to quality learning opportunities for all learners.

# Unleashing Creativity: Exploring the Intersection of AI and Artistic Expression



Payal

*Introduce the concept of artificial intelligence (AI) and its expanding role in fostering creativity across various domains, including art, music, literature, and design.*

*Highlight the potential of AI to augment human creativity, challenge traditional notions of authorship, and inspire innovative forms of artistic expression.*

**AI as a Creative Tool:**

Discuss how AI technologies, such as generative adversarial networks (GANs), deep learning, and natural language processing (NLP), are being used as creative tools by artists, musicians, writers, and designers.

Provide examples of AI-generated art, music compositions, poetry, and design prototypes, showcasing the diversity and novelty of creative outputs produced by AI systems.


**Collaborative Creativity:**

Explore the concept of collaborative creativity between humans and AI, where AI algorithms serve as creative collaborators, assistants, or co-creators in the creative process.

Highlight interdisciplinary collaborations between artists, technologists, and researchers that leverage AI to explore new creative possibilities and push the boundaries of artistic expression.

**Exploring New Frontiers in Art and Design:**

Discuss how AI is enabling artists and designers to explore new frontiers in art and design, including interactive



installations, immersive experiences, and digital fabrication techniques.

Showcase innovative AI-driven projects and installations that blur the boundaries between art, technology, and audience participation, fostering new forms of artistic engagement and expression.

**Challenges and Ethical Considerations:**

Address challenges and ethical considerations associated with AI-driven creativity, such as algorithmic bias, intellectual property rights, and the commodification of art. Discuss the importance of transparency, accountability, and human oversight in the development and deployment of AI systems for creative purposes.

**AI and the Future of Creativity:**

Speculate on the future of AI-driven creativity and its potential impact on society, culture, and the arts. Explore emerging trends and developments in AI and creativity, such as AI-generated storytelling, virtual reality (VR) experiences, and the integration of AI in creative education and professional practice.

**Empowering Creative Exploration:**


Encourage students to embrace AI as a tool for creative exploration and experimentation, regardless of their background or expertise in art and technology. Highlight the value of interdisciplinary collaboration and lifelong learning in harnessing the full potential of AI to inspire creativity and innovation.

**Conclusion:**

Recap the transformative potential of AI in fostering creativity across diverse artistic disciplines. Encourage students to embrace AI as a catalyst for creative exploration, collaboration, discovery in their own artistic pursuits academic endeavors.



# काशी : मृत्यु का उत्सव श्मशान होली



परशुराम शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

मेहमान का कोना

वैसे तो दुनिया भर में जहां मृतकों के दाह संस्कार होते हैं, उस स्थान को दुखदायी शोक स्थल या मनहूस जगह के तौर पर देखा जाता है। सामान्य अवस्था में लोग यहां जाना भी पसंद नहीं करते। लेकिन, बनारस एक ऐसा अनोखा शहर है, जहां मृत्यु का भी उत्सव होता है। होली के मौके पर हर साल आपको यह उत्सव देखने को मिलेगा। तब श्मशान में चिता की राख के भस्म से लोग होली खेलते हैं।

सारे काशीवासी शिव भक्त साल में एक दिन धूमधाम से ढोल-नगाड़ों के साथ खुशियों का त्योहार होली चिता भस्म से मनाते हैं। उस दिन कोई रंग-गुलाल से नहीं, एक दूसरे के चेहरे व शरीर पर लोग चिता की भस्म लगाते और उड़ाते हैं। इस चिता-भस्म होली में मृतकों के शवों के साथ श्मशान आये उनके संगी-साथी और परिजन भी अपना सारा दु:ख भूल कर शिव भक्तों की टोली में शामिल हो जाते हैं। यहां तक कि उस दिन मणिकर्णिका के महाश्मशान भूमि का दर्शन करने आये तीर्थ यात्री और देशी-विदेशी पर्यटक भी इसका आनंद लेने से अपने आप को नहीं रोक पाते। जिज्ञासुओं में मणिकर्णिका पर महाश्मशान को मोक्ष-स्थल मान कर दर्शन करने आने वाले लोग होते हैं। इसकी महत्ता के बारे में बनारस के गाइड उन पर्यटकों को पहले ही समझाये रहते हैं कि यह वह जगह है, जहां मरने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि जन्म-मरण के बंधन से यहां मुक्ति मिलती है। लोगों को स्वर्ग मिलता हैं। विदेशी पर्यटक ऐसे श्मशान होली के दृश्यों को अपने कैमरों में कैद करते हैं। चिता भस्म होली में शामिल होने के दृश्यों का विडियों बनाते दिख जाते हैं। मथुरा जैसे बनारस में भी होली एक सप्ताह पहले से ही शुरू हो जाती है। रंगभरी एकादशी के दिन से रंग-अबीर की शुरूआत होती है। यह अवसर शिव जी के गवना का दिन माना जाता है। यह पार्वती जी को उनके मायके से शिव जी के द्वारा विदा करा लाने का पवित्र दिन होता है। इसके साथ ही रंगभरी एकादशी के ही दूसरे दिन मनायी जाने वाली चिता भस्म होली की याद भी आ गयी। इस बार भी यहां चिता भस्म होली मनायी गई।

न्यू कालोनी स्थित बाबा कीनाराम जी के आश्रम से चिता भस्म होली के मौके पर भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें ऊंट-हाथी घोड़े पर सवार भूतनाथ और उनके गणों के भेष भूषा बनाये भक्तों की आकर्षक झांकी थी। ढोल-नगाड़ा डमरु बजाते हुजूम में लोग हरिश्चंद्र घाट तक गये। वहां जम कर चिता भस्म होली हुई। मणिकर्णिका घाट से दक्षिण यह श्मशान घाट राजा हरिश्चन्द्र के समय का बनाया बताया जाता है। यह भी पुराना श्मशान घाट है। मान्यता है कि यहां उन्होंने पहरेदारी की थी। बनारस में ऐसी मान्यता है कि अपने गौने के दूसरे दिन महादेव ने भूत, प्रेत, पिशाच आदि अपने गणों के साथ महाश्मशान में चिता भस्म से होली खेली थी। इस मौके पर खूब हुड़दंग मचा था। तबसे काशी के शिव भक्त भी गणों के भेष धरे धूमधाम से मणिकर्णिका घाट के महाश्मशान में उसी का पालन करते आ रहे हैं। चिता भस्म होली मणिकर्णिका महाश्मशान घाट पर हर साल एकादशी के दूसरे दिन से मनाने की परम्परा प्राचीन समय से चली आ रही है। इस साल वहां के दूसरे प्रमुख हरिश्चन्द्र घाट पर भी गाजे-बाजे और जुलूस के साथ भव्य ढंग से चिता भस्म होली खेलने की शुरुआत की गई। अब होली पर चिता भस्म से यहां भी होली खेलने का का चलन शुरू हुआ है।

वैसे, प्राचीन समय से मणिकर्णिका घाट पर भगवान शिव के स्वरुप बाबा मसान नाथ की पूजा कर श्मशान घाट पर चिता भस्म से होली खेलते आ रहे हैं। इस बार भी वहां होली खेली गयी। मान्यता है कि काशी मोक्ष की नगरी है। यहां मरने वालों के कानों में भोलेनाथ स्वयं तारक मंत्र फूंकते हैं और उन्हें मोक्ष प्रदान करते हैं। लिहाजा यहां मृत्यु को भी एक उत्सव के रुप में मनाया जाता है। होली पर शिव-भक्त अबीर और गुलाल की जगह जली हुई चिताओं से भस्म लेकर एक दूसरे को लगाते हैं। खूब हुड़दंग करते हैं। यह उनका महादेव से सुख, समृद्धि तथा मोक्ष की कृपा पाने का उपक्रम होता है। प्रत्यक्ष रुप से यह देखा जा सकता है कि महाश्मशान पर चिताएं कभी ठंडी नहीं हुई। रोज वहां सौ-दो सौ शव पहुंचते हैं। एक जलता है, तो दूसरा जलाने की तैयारी में सजने लगता है। पहले चिता की आग बुझती भी नहीं कि दूसरा जला दिया जाता है। यह सिलसिला सदियों से यहां चला आ रहा है। कहा जाता है कि शिव के वरदान के अनुसार चिता की आग यहां कभी ठंडी नहीं पड़ेगी। अपने मृतकों की मोक्ष प्राप्ति की आस लिए लोग दूर-दराज से शव लेकर यहां आते हैं। जनमानस में आस्था का यह भी एक बड़ा कारण हो कि वहां पर राग-विराग और परंपराओं का उत्सव चिता भस्म की होली खेलते हैं। इस दिन दूर दूर से लोग पहुंचते हैं। चिता भस्म की होली खेलने के अवसर पर वहां 'हर हर महादेव' के नारों के बीच फिजाओं में 'खेलें मशाने में होरी दिगंबर, खेलें मशाने में होरी', 'भूत प्रेत बटोरी दिगम्बर, खेलें मशाने में होरी', और 'चिता भस्म भर झोरी दिगम्बर, खेलें मशाने में होरी' आदि गीतों के बोल गूंज उठते हैं। अविनाशी मानी जाने वाली काशी में काशी पुराधिपति का अड़भंगी रुप नजर आया। रंगभरी एकादशी पर बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ गौरा का गौना ले आए। सांसारिकता और राजसी ठाट-बाट के बाद दूसरे दिन दोपहर में अपने गणों के बीच महाश्मशान मणिकणर्णिका पर पूरे मन-मिजाज के साथ उतर आए। भूत पिशाच समेत गणों के साथ चिता भस्म से होली खेली। अबीर-गुलाल में चिता भस्म को एकाकार कर राग-विराग को दशार्ते जीवन यथार्थ के रंगों को चटख किया। सबसे पहले सुबह भगवान शिव के प्रतीक बाबा मशाननाथ का मणिकर्णिका घाट पर मंदिर में भव्य श्रृंगार कर पूजन की परंपरा रही है। इसके बाद बाबा को भोग और प्रसाद के बाद श्मशान घाट पर बाबा के आशीष के बाद उनके भक्त चिताओं की भस्म लेकर एक दूसरे पर फेंक कर फाग और होरी के गीत गाते हैं। रंगभरी एकादशी पर देवी-देवता, गंधर्व और मनुष्यों के साथ गुलाल की होली खेलने के बाद अगले दिन बाबा अपने उन भक्तों के बीच होली खेलने पहुंचे जिनका मनुष्यों के बीच प्रवेश उन्होंने ही निषेध कर रखा है। महाश्मशान पर रहने वाले भूत, प्रेत और गण के साथ चिता भस्म की होली खेल बाबा उन्हें भी तृप्त करते हैं। काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका पर भक्तों ने चिताभस्म से होली खेल पुरातन परंपरा का निर्वाह किया तो दूसरी ओर हरिश्चंद्र घाट पर स्थित श्मशान पर काशी के डोमराजा परविार के सदस्यों ने गवना की बारात निकालने और घाट पर भस्म की होली खेलने की नई शुरूआत की।

मणिकर्णिका महाश्मशान पर औघड़दानी शिव के अड़भंगी भक्तों की महाश्मशान पर चिता भस्म से होली होती है। विरक्ति की भूमि श्मशान पर जलती चिताओं से निकाली गई गरम भस्म मस्ती में उड़ाई जाती है। हालांकि यह परंपरा पूर्व में संन्यासियों और औघड़ों द्वारा हो निभाई जाती थी। लेकिन वर्तमान में उस परंपरा का निर्वाह करने के लिए काफी संख्या में गृहस्थ मणिकर्णिका घाट पर जुटने लगे हैं। हरिश्चंद्र घाट के लिए बाबा की बारात रवींद्रपुरी स्थित बाबा कीना राम समाधि स्थल से आरंभ होती है। डमरू दल के 51 सदस्य हर-हर महादेव का उद्घोष करते नाचते-गाते शिवाला होते हुए हरिचंद्र घाट पहुंचते हैं। वहां भस्म की होली खेलते हैं। ऊंटों पर शिव के गण सवार रहते हैं तो भगवान शंकर के साथ उनके प्रिय नंदी, मूंगी, श्रृंगी और नाग देवता के स्वरूप घोड़ों पर विराजमान होते हैं। काशी में यह सदियों से श्मशान होली की परंपरा अनवरत जारी है। इसे यदि मृत्यु का उत्सव न कहा जाये, तो भला और क्या कहें यह केवल बनारस में ही संभव है। तभी तो यह तीनों लोक की न्यारी नगरी काशी कहलाती है।



# राष्ट्र-निर्माण के लिए समरस समाज आवश्यक



**अमित शर्मा**
**संपादक**

**श्री कृष्णानंद सागर राष्ट्रवादी चिन्तन के प्रमुख हस्ताक्षर रहे हैं। उनकी चार खंडों में प्रकाशित 'विभाजनकालीन भारत के साक्षी' भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन के कारणों को देखने की एक नयी दृष्टि प्रदान करती है। ये पुस्तक काफी चर्चा में रही है। उनके कई लेख पांचजन्य, ऑब्जर्वर, जाह्नवी जैसी पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं। इसके साथ ही वो जागृति प्रकाशन के संस्थापक भी रहे हैं। भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष और विभाजन के समय की परिस्थितियों और कारणों पर उनसे लम्बी बातचीत की वरिष्ठ पत्रकार और शिक्षाविद् अमित शर्मा ने।**

*(प्रश्न) आपकी पुस्तक 'विभाजनकालीन भारत के साक्षी' स्वतंत्राकालीन इतिहास को देखने की एक नयी दृष्टि देती है। चार खंडों में बंटी और 1912 पृष्ठों में समाहित इस पुस्तक को ग्रंथ कहना ही शायद ज्यादा उचित होगा। इस पुस्तक की परिकल्पना कैसे उत्पन्न हुई और कितना समय लगा आपको?*

**उत्तर**- जी, आपने सही कहा। इस पुस्तक की वृहत पृष्ठभूमि के कारण इसे लिखने में भी काफी समय लगा। इसे लिखने में मुझे 20 साल लग गए। इसमें भारत के स्वतंत्रता प्राप्त करने से पहले और उसके बाद के वातावरण का विस्तार से वर्णन है। पुस्तक का कालखंड 1940 से 1950 तक का है। हम ये भूल नहीं सकते हैं कि हमें स्वतंत्रता विभाजन का दंश झेलने के बाद मिली थी। लाखों लोगों की जान गयी थी। स्वतंत्रता प्राप्त करने से ज्यादा ये सत्ता हस्तांतरण की घटना होकर रह गयी थी। ये समझने की जरुरत है कि कि सत्ता परिवर्तन और स्वतंत्रता प्राप्ति, दो अलग-अलग विचार हैं। पुस्तक में विभाजन का दंश झेलने वाले 350 लोगों के साक्षात्कार हैं। इसके लिए 7 सौ भी ज्यादा लोगों से मैनें बात की थी।ये् बहुत श्रमसाध्य कार्य रहा। पुस्तक पूरी तरह तथ्यों पर आधारित है। इसमें उन्हीं लोगों के साक्षात्कार शामिल किए गए हैं जो तथ्यों पर आधारित थे। मैं खुद भी विभाजन के समय की घटनाओं का साक्षी रहा हूं। इसलिए तथ्यों की सही पहचान करने में मुझे ज्यादा कठिनाई नहीं हुई।

यूं तो साठ के दशक से ही लोग चाह रहे थे कि उस कालखंड के वास्तविक घटनाक्रम को सामने लाया जाए। लेकिन इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा मुझे ठाकुर रामसिंह ने दी थी। वो भारतीय इतिहास संकलन योजना के अध्यक्ष थे। सबसे पहले 1992-93 में उन्होंने इस विषय में अपनी इच्छा जाहिर की थी। उस वक्त मैं अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण इसे कार्यरुप नहीं दे पाया। उसके बाद सन् 2000 में उन्होंने फिर मुझसे कहा। उन्होंने कहा कि मुझे इस कार्य को करना ही होगा। उन्होंने कहा कि अगर ये कार्य नहीं हुआ तो विभाजनकाल का सत्य इतिहास पूरी तरह लुप्त हो जाएगा। आखिर उस काल के साक्षी धीरे-धीरे दुनिया से कूच करते जा रहे हैं। इसतरह इसकी शुरुआत हुई जिसे पूरा होने में बीस वर्ष लग गए।

*प्रश्न- आपको क्या लगता है विभाजन क्यों हुआ और क्या आम जनता की इसमें सहमति थी?*

उत्तर- देखिए, आपको ये सोचना होगा कि क्या विभाजन ही आखिरी विकल्प था? किन परिस्थितियों में अंग्रेज अपनी सत्ता छोड़ने को तैयार हुए? क्या कांग्रेस के नेताओं ने जनता की सुनी या वो अंग्रेजों की चाल में फंस गए? आखिर कांग्रेस ने जो चुनाव लड़ा था वो अखंड भारत के लिए लड़ा था। जनता ने उन्हें अखंड भारत के निर्माण के लिए वोट दिया था। लेकिन कांग्रेस ने जनता को आखिरकार क्या दिया?

ये सब जानते हैं कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद इंग्लैंड के हालात क्या थे। वो इतने दुर्बल हो चुके थे कि साम्राज्य चलाना उनके लिए संभव नहीं रह गया था। इंग्लैंड पुनर्निर्माण के दौर में था। लेकिन फिर भी वो भारत को दुर्बल करके यहां से जाना चाहते थे। वो चाहते थे कि उनके जाने के बाद भी भारत की जनता किसी तरह से उनकी श्रेष्ठता के तले दबी रहे। ऐसे में वो भारत के विभाजन का फॉर्मूला लेकर आए। मुस्लिम लीग तो पहले से तैयार बैठी थी। कांग्रेस के नेताओं ने भी इसका विरोध करने की बजाय इसे स्वीकार कर लिया। ये कांग्रेस नेताओं की हताशा और निराशा का ही परिणाम था। मेरा मानना है कि हताश और निराश वही होता है जो कायर होता है। उस वक्त की परिस्थितियों को देखे तो आप पाएंगे कि कांग्रेस नेताओं ने सबसे बड़ी कायरता दिखायी। अगर कांग्रेस के नेताओं ने विभाजन स्वीकार नहीं किया होता तो परिस्थितियां दूसरी होतीं। लेकिन एक तो वो जिन्ना की मुस्लिम लीग के आगे दबाव महसूस कर रहे थे। दूसरा उन्हें सत्ता प्राप्ति की जल्दबाजी थी। सत्ता नहीं मिलने की हताशा और निराशा उनमें बैठ चुकी थी।

जिस वक्त विभाजन का निर्णय कर लिया गया उस वक्त भी कोई तैयारी नहीं थी। इतना बड़ा निर्णय बिना किसी पूर्व तैयारी के करना कितनी बड़ी भूल थी। निर्णय जनता ने नहीं लिया था। निर्णय कांग्रेस और मुस्लिम लीग के नेताओं ने लिया था। कांग्रेस हमेशा से मुस्लिम लीग के आगे झुकती रही। अगर कांग्रेस के नेताओं ने मजबूती दिखाई होती तो इतिहास का रुख कुछ और ही होता। उस वक्त की परिस्थितियां ऐसी थी कि अंग्रेजों को तो जाना ही था। इसमें उनकी कोई महानता नहीं रह गयी थी।

*(प्रश्न) राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में ये कहा जाता है कि संघ स्वतंत्रता संघर्ष से दूर रहा। सच क्या है?*

उत्तर- ये इतिहास को गलत तरीके से पेश करने का नतीजा है। हमने सिर्फ एक नजरिए का इतिहास देखा और पढ़ा है। सत्य को भ्रमित कर पेश किया गया है। संघ हमेशा से पूर्ण स्वराज्य के पक्ष में रहा है।

देखिए, मैंने पहले ही कहा कि संघ और कांग्रेस के उद्देश्य सर्वथा भिन्न थे। कांग्रेस का उद्देश्य था ब्रिटिश साम्राज्यवाद के अंतर्गत रहते हुए सत्ता प्राप्त करना। जबकि संघ का बिल्कुल स्पष्ट लक्ष्य था कि ब्रिटिश सत्ता को पूरी तरह से उखाड़ फेंकना। संघ ने कभी अंग्रेजों के साम्राज्यवाद को स्वीकार ही नहीं किया। संघ का साफ मानना था कि अंग्रेजों के विध्वंस के लिए सामर्थ्य चाहिए और जबतक सामर्थ्य प्राप्त नहीं होता तब तक अपने लक्ष्य को दूसरों के सामने जाहिर नहीं करना है। संघ अपने तरीके से चुपचाप अपना कार्य करने में निरंतर लगा हुआ था। संघ में प्रवेश लेने वाले स्वयंसेवक ये प्रतिज्ञा लेते थे कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए ही मैं इसका सदस्य बना हूं। पूर्ण स्वतंत्रता संघ का मूल उद्देश्य था। लेकिन संघ भीड़तंत्र पर नहीं चलता था। संघ का कार्य आंदोलनात्मक नहीं था। संघ का तरीका अलग था। संघ एक-एक स्वयंसेवक के मानस को तैयार कर रहा था। देखिए, भीड़ संस्कारित नहीं हो सकती, लेकिन व्यक्ति को संस्कारित किया जा सकता है। संस्कारित व्यक्ति समूह का हिस्सा होता है। वो सिर्फ भीड़ में खड़ा एक चेहरा भर नहीं होता। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपनी शुरुआत से ही देश की युवा शक्ति को जागृत कर रहा है। हमारा युवा सामर्थ्यवान होना चाहिए। उसमें इतनी मानसिक और शारीरिक शक्ति होनी चाहिए कि वो राष्ट्र के सामने आने वाली चुनौतियों से निबटने में अपनी भूमिका निभा सके। इसीलिए संघ की शाखाओं में ऐसे युवा तैयार किए जा रहे थे जो पूर्ण स्वतंत्रता के संग्राम में शामिल हो सकें। ऐसा नहीं कि संघ जनजागृति को सहयोग नहीं करता। जब-जब हमें एहसास हुआ हमने सहयोग किया। इसलिए डॉ हेडगेवार 1931 के आंदोलन में जेल भी गए। कांग्रेस को सहयोग किया गया। लेकिन जैसा मैनें पहले भी कहा कि संघ का संघर्ष पूर्ण स्वतंत्रता के लिए था, सिर्फ सत्ता हस्तांतरण के लिए नहीं।

आपको ये जानकारी होनी चाहिए कि प्रथम विश्वयुद्ध के समय अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की योजना बनी थी। 21 फरवरी 1915 को देशव्यापी विद्रोह की तैयारी थी। रासबिहारी बोस जैसे लोग इस कार्य में लगे थे। लेकिन ब्रिटिश गुप्तचरों को इस योजना की भनक



लग गयी। कई गिरफ्तारियां हुई। कई लोगों को फांसी पर चढ़ा दिया गया। रासबिहारी बोस को देश छोड़कर जापान जाना पड़ा। इसी दौरान डॉ हेडगेवार ने भी महाराष्ट्र में क्रांतिकारी दस्ते तैयार किए थे। जर्मनी से शस्त्र भी मंगाए गए थे। लेकिन फिर युद्ध समाप्त हो गया और बात आगे नहीं बढ़ पायी। डॉ हेडगेवार कहते थे कि अगले 20 सालों में जर्मनी अपना बदला जरुर लेगा। जब वो ऐसा करेगा तब माकूल वक्त होगा अंग्रेजों के खिलाफ देश के अंदर विद्रोह करने का। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उन्होंने 1925 में संघ की स्थापना की। लेकिन इन योजनाओं को जाहिर नहीं किया गया था। उद्देश्य प्राप्ति तक लक्ष्य को छिपा कर रखना भी योजना का ही हिस्सा था। इसीलए अंग्रेज कांग्रेस के नेताओं पर विश्वास कर लेते थे और दूसरे संगठनों से उनको वास्तविक खतरा महसूस होता था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक की भागीदारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के साथ भी रही। डॉ हेडगेवार से मिलने नेताजी नागपुर भी आए थे। उस वक्त डॉ साहब की तबियत अस्वस्थ चल रही थी। डॉक्टर साहब के निधन के बाद गुरुजी ने भी उनके ही कार्यों को आगे बढ़ाया। आप गुरुजी के उस वक्त के भाषणों को गौर से सुनिए। उन्होंने कहा था कि उनको पूर्णकालिक प्रचारक चाहिएं। ऐसे लोग जो अपना घर-बार, निजी स्वार्थ छोड़कर राष्ट्रहित में अपना जीवन के आहुति दे सकें। बड़ी संख्या में लोग इस कार्य के लिए अपने घरों से निकले। ऐसा बिना किसी भव्य लक्ष्य के संभव नहीं था। गुरुजी ने स्वयंसेवकों को स्पष्ट दृष्टि दी। उन्होंने स्पष्ट लक्ष्य दिया हिन्दू राष्ट्र को स्वतंत्र कराने का। आप संघ के गीतों को सुनिए -

"स्वतंत्रता का मूल्य प्राण है, देखे कौन चुकाता है
देखे कौन सुमन-शय्या तज, कंटक पथ अपनाता है"

अगर सुभाष चंद्र बोस दूसरे विश्व युद्ध के समय आजाद हिन्द फौज के साथ जापान के रास्ते भारत में प्रवेश कर पाते तो आप देखते कि किस तरह एक देशव्यापी विद्रोह अंग्रेजों के खिलाफ उठ खड़ा होता। लेकिन उनको पीछे लौटना पड़ा और ये योजना भी सफल नहीं हो पायी।

(प्रश्न) आपने कहा कि संघ की योजना हिन्दू राष्ट्र को स्वतंत्र कराने के लिए थी। आखिर हिन्दू राष्ट्र से आपका क्या तात्पर्य है? क्या ये परिकल्पना सिर्फ धर्म आधारित है? सामाजिक समरसता का इसमें क्या स्थान है?

उत्तर- पहले हिन्दू-मुस्लिम एकता की बात होती थी। लेकिन धर्मनिरपेक्षता की बात नहीं होती थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है। हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना सदैव एक रही है। यह एक शाश्वत सत्य है। हमें इसे हिन्दू राष्ट्र बनाना नहीं है। हमें इसकी पुनर्प्रतिष्ठा करनी है। इस अंतर को समझना आवश्यक है। अगर कोई कहे कि हिन्दू राष्ट्र बनाना है, तो ये मतभेद का विषय है। लेकिन इसकी पुनर्प्रतिष्ठा मतभेद का नहीं समरसता का ही विषय है।

हम और आप भाग्यशाली है कि हमनें इस पुण्यभूमि पर जन्म प्राप्त किया। जब इस सृष्टि की रचना हुई तब इस पृथ्वी पर इस भू-भाग को अनेक प्रकार की विशेषताओं से युक्त किया गया। सबसे ऊंचा पर्वत मिला, अठखेलियां करते सागर मिले, तपती हुई रेत मिली तो सैकड़ों नदियों से युक्त उपजाऊ क्षेत्र भी मिला। सबसे बढ़कर इस भूमि के लोगों को ज्ञान-विज्ञान से परिपूर्ण किया गया। पुराणों के अनुसार इस भूमि पर जन्म लेने वाला ही मोक्ष पाने का अधिकारी है। ये सारी विशेषताएं इसे दूसरी भूमियों से विशेष बनाती हैं।

विष्णु पुराण में भारत भूमि के स्वरुप का वर्णन किया गया है -

**"उत्तरं यत् समुद्रस्य, हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।**
**वर्ष तद् भारतं नाम, भारती यत्र संततिः॥**

अर्थात् भारत वो जो हिमालय से हिन्द महासागर तक की सभी विविधताओं और विशिष्टताओं को समेटे हुए है और उसकी हर संतान भारतीय है।"

भारत भूमि दैव भूमि है। इसकी स्वभाविक भौगोलिक सीमाएं हैं। हिमालय की सभी श्रेणियों, उपश्रेणियों से घिरा प्रदेश। हिमालय की भुजाएं पूर्व-पश्चिम तक फैली हैं। दोनों तरफ समुद्र को छूती हैं। भारत में छह ;तुएं हैं। जलवायु अलग-अलग है। जीव-जंतु और फसलें भी अलग हैं। भूमि की विविधता है तो समाज की विविधता भी होगी। जाहिर सी बात है पहाड़ी इलाके का जीवन, समुद्री इलाके से भिन्न होगा। लेकिन ये विविधताएं, यहां के मूल स्वरुप और सोच में अंतर नहीं पैदा करती है। इसी भूमि पर जन्म लेने वाले सभी समान हैं। ईश्वर ने सबको समान मनुष्य बनाया है। यहीं भाव समरसता पैदा करता है।

ये भारत भू-खंड कर्मभूमि रहा है। कर्म का सिद्धांत सबसे पहले इसी भूमि पर दिया गया। कर्म का सिद्धांत ही जीवन का शाश्वत सत्य है। हम भोग पर नहीं, कर्मयोग पर विश्वास करते हैं। हमारा अधिकार सिर्फ कर्म पर है। फल पर नहीं है। ये जीवन का मूल ज्ञान है। ये समझ हमें संदेह से परे एक श्रेष्ठ जीवन जीने को प्रेरित करती है। यहीं तत्व ज्ञान सबसे प्रविष्ठ करवाना है। ईश्वर ने सबको कोई विशिष्ट कार्य करने भेजा है। स्वयं की उसी विशेषता को समझना और वो कर्म करना ही हमारा धर्म है। दूसरी किसी भूमि में ये विशेषता नहीं है। इस विशेषता को समझना और इसे बनाए रखना आवश्यक है। जो इसे समझता है और इसे बनाए रखने का प्रयास करता है- वही हिन्दू है।

इसी भारत भूमि की संतान भारती है। भारती ज्ञान की देवी सरस्वती का नाम है। भारती अर्थात् ज्ञानवान्। यानी इस भूमि की संतान सब प्रकार के ज्ञान से युक्त है। सर्वश्रेष्ठ ज्ञान क्या है? स्वयं के स्वार्थ से परे हटकर दूसरे के हित की चिन्ता। इसीलिए इस भूमि ने वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। जिसके सम्मुख संपूर्ण विश्व के हित की चिन्ता है वही भारती है। परंतु ये ज्ञान सिर्फ शब्दों तक रह गया है। भाव में लुप्त हो गया है। इसे हृदय में स्थापित करना होगा। तभी यह व्यवहार में आएगा। मनुष्य में दैव वृत्ति और राक्षसी वृत्ति दोनों विद्यमान है। राक्षसी प्रवृत्ति तुरंत जागृत हो जाती है। इसको नियंत्रित करने के लिए दैव प्रवृत्ति की आवश्यकता होती है। परंतु दैव प्रवृत्ति सहज नहीं जागृत होती है। इसके लिए प्रयास करना होता है। हमारी शिक्षा और संस्कार इसी दैव प्रवृत्ति को जागृत रखने की पद्धति थी। इसलिए हमारे समाज में राक्षसी प्रवृत्तियां दबी रहती थी और हमारा समाज एक श्रेष्ठ समाज था। परंतु ऐतिहासिक कारणों से हमारी शिक्षा और संस्कारों में ह्रास हुआ है। दृष्ट प्रवृत्ति की सोच का दायरा छोटा होता है। हम राष्ट्र से प्रांत पर आ जाते हैं। वर्ण व्यवस्था, वर्ण-भेद में बदल जाती है। जातिवाद, प्रांतवाद, क्षेत्रवाद जैसी तुच्छ प्रवृत्तियां लोगों पर हावी हो जाती हैं। समाज से समरसता लुप्त होने लगती है। इसलिए हमारी भारत भूमि के मूल संदेश को मन में उतारने की आवश्यकता है। जब हम इसे वापस लाएंगे तभी समरस समाज की स्थापना होगी।

इसलिए हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना कोई जाति या धर्म से जुड़ी दृष्टि नहीं है। यह एक श्रेष्ठ, समर्थ, समृद्ध समाज बनाने की मूलभूत आवश्यकता है। हमे इसी हिन्दू राष्ट्र को पुनर्स्थापित करना है और पूरे समाज में समरसता का निर्माण करना है।

# भारतीय शास्त्रीय संगीत और मानसिक स्वास्थ्य



**नैंसी सिरोवा**

मानसिक स्वास्थ्य जिसे विज्ञान के अंतर्गत माना जाता है, एक बहुत ही संवेदनशील विषय है। यह अन्य बीमारियों की तरह केवल दवाई लेने से ठीक नहीं हो सकता, इसे ठीक करने के लिए मन की शांति अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय शास्त्रीय संगीत मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मददगार हो सकता है क्योंकि यह विभिन्न मानसिक और आत्मिक बदलाव प्रदान करता है:-

**स्थानिकता और मन की शांति:-** ऐसा माना जाता है कि संगीत के रियाज़ से मन की स्थानिकता बढ़ती है अर्थात चंचल व अस्थिर मन में स्थिरता आती है, ध्यान भटकने के बजाए एकत्रित होता है और कुछ समय पश्चात मन में शांति का अनुभव होता है जो एक मानसिक रोगी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**तनाव से राहत:-** संगीत एक प्रकार का मनोरंजन हो सकता है जिससे व्यक्ति का मानसिक तनाव दूर हो सकता है। कुछ राग जैसे राग बसंत केवल सुनने से ही मन को शांति मिलती है तथा लोगों का मानसिक तनाव दूर होता है और वह शांति की नींद ले पाते हैं।

**मनोबल में बढ़ावा:-** विश्व में काफी लोगों में मनोबल की कमी देखी जाती है। वह मौका मिलने पर स्वयं को लोगों के समक्ष प्रदर्शित नहीं कर पाते। यह देखा गया है कि संगीत का रियाज़ करना और प्रदर्शन करने से मनोबल मजबूत। होता है।

**आत्म-अनुशासन :-** संगीत के अभ्यास के दौरान शिष्य को सख्त आत्म-नियंत्रण की आवश्यकता होती है, जिसे क्रोध एवं बलपूर्वक शिष्य पर नहीं थोप सकते। यह नियंत्रण शिष्य में स्वयं संगीत की साधना करते-करते आता है। आगे चलकर यही नियंत्रण आत्म-अनुशासन में परिवर्तित हो जाता है, जो एक शिष्य को जीवन भर काम आता है जिससे उसका मन विचलित होने से बचकर शांति का अभ्यास करता है।



**मानवीय संबंधों में सुधार:-** गुरु-शिष्य परंपरा में संगीत सीखने और सिखाने की प्रक्रिया में सामंजस्य और समर्पण की भावना बढ़ती है।

संगीत के द्वारा व्यक्ति मन को नियंत्रित कर पाता है, जो उसके संबंधों को अन्य व्यक्तियों के साथ सुधारता है। यदि व्यक्ति के मानवीय संबंध अच्छे होंगे तो उसकी मानसिक स्थिति ठीक रहेगी एवं उसे जीवन भर सहयोग देंगे। इससे यह पता चलता है कि केवल संगीत की साधना और रियाज करने से या केवल उसे सुनने से ही कैसे किसी व्यक्ति की मानसिक स्थिति सुधर सकती है। मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान का विषय है परंतु संगीत के द्वारा भी मानसिक स्वास्थ्य का उपचार किया जाता है, यह भी एक कारण है कि कहा जाता है संगीत में विज्ञान मौजूद है।





# Comparative Analysis : Income Tax Regime - Old vs. New



**Dr. Preeti Jindal**

Whenever you file ITR, you need to mention which regime whether old or new you want to opt for filing the ITR. Until and unless you know the conditions, restrictions and deductions available under old vs. new regime you are not able to reduce your tax liability. It is in this perspective; the present topic has been taken up. In this article, you will be able to identify which regime whether old or new you should opt while filing your ITR so as to reduce your tax burden. Let's start discussion on topic in detail.

First of all, you need to know income tax rate prevailing under both regime. As far as old regime is concerned, upto 2.5 Lakh income is exempted from tax, you will have to pay tax at the rate of 5% if your income is between 2.5 Lakh and 5 Lakh. Tax rate is 20% for income between 5 Lakh and 10 Lakh. For income between 10 Lakh and 15 lakh, you will have to pay tax at rate of 30%. On the other hand, in new regime the limit of exemption from tax is 3 Lakh. Meaning thereby, upto income of Rs. 3 Lakh you need not to pay income tax. For income between 3 Lakh and 6 Lakh tax rate is 5%. When the income between Rs. 6 Lakh and 9 Lakh, 10% tax is applicable. If income is between Rs. 9,00,000 to 12,00,000, 15% rate of tax will be applied. For income between 12,00,000 and 15,00,000, you will have to pay tax at the rate of 20%. As far as rebate is concerned, For FY 2024-25 (AY 2025-26), the rebate limit has been increased



to Rs. 7,00,000 under the new tax regime. Meaning thereby a resident individual with taxable income up to Rs. 7,00,000 can avail a rebate of Rs. 25,000 or amount of tax payable, whichever is lower. In addition to that, from 1st April, 2023, Individuals having salary income can claim a standard deduction of Rs. 50,000 under new regime as well.

It seems new regime will result in less tax liability. Here you need to note that some deductions and exemption are there which cannot claim under new regime. For example, deductions and exemptions given under sec 80© which is upto 1,50,000 it is associated with investment in provident fund, NPS, LIC etc. cannot be availed in new regime. Likewise, deductions 80D, 80E, 80TTA, 80TTB, 80U etc. are also not available in new regime. If you are having saving account in bank, then deduction upto Rs. 10,000 is available in old regime. In case of senior citizen, deduction upto Rs. 50,000 can be claimed for interest on the deposits in banks under sec 80ttb in old regime. Moreover the exemptions related with HRA, LTC cannot be claimed under new regime. So, while selecting regime you need to take into consideration whether you are qualifying any deduction or not. If you do not qualify for the old regime deductions, you may find the new tax regime more beneficial due to smaller tax rates.

On the other hand, if you are qualifying deductions you should opt old regime for filing ITR. So it can be concluded both regime has its own advantages and disadvantages that you need to do comparative analysis between old regime and new regime in the deductions and exemption, only then you can make right decision.

**RNI No.:** DEL/BIL/2004/14598
**Publisher: Ram Kailsah Gupta** on behalf of Tecnia Institute of Advanced Studies, 3 PSP, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85; **Printer:** Ramesh Chander Dogra; **Printed at:** Dogra Printing Press, 17/69, Jhan Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-5
**Editor: Amit Sharma** responsible for selection of News under PRB Act. All rights reserved.
Email :
**youngster@tecnia.in**